मेरठ विकास प्राधिकरण पृष्ठ संख्या 21 नोट शीट

उपाध्यक्ष

सैनिक विहार आवासीय योजना के अर्न्तगत 240 एम.आई.जी. एवं 40 एच.आई.जी भवनो के निर्माण एवं विकास कार्यो का व्ययानुमान धनांक रू0 34,26,74,641.00 की स्वीकृति पूर्व पृष्ठ–8 पर प्राप्त करते हुए, प्रथम चरण में सैनिक विहार योजना में पांच मजिंले 80 एम.आई.जी. भवनो (दो ब्लाक) एवं 40 एच.आई.जी.भवनो(एक ब्लाक) का निर्माण एवं विकास कार्य हेतु दिनांक 21.06.11 को टू–बिड पद्धति पर निविदायें आमन्त्रित की गयी। कुल चार निविदायें प्राप्त हुई। पूर्व पृष्ठ–12 पर प्राप्त स्वीकृति के अनुसार चारो फर्मो द्वारा तकनीकी बिड में क्वालिफाई किया जा रहा है। जिनकी वित्तीय बिडे दिनांक 01.07.2011 को निविदा समिति के समक्ष खोली गयी जिसमें न्यूनतम निविदा **मै0 सुनील कुमार जैन** की बी0ओ0क्यू0 से 19.60 प्रतिशत उच्च दर पर धनांक रू0 20,46,62,782.67 की प्राप्त हुई। कार्य का बी0ओ0क्यू0 धनांक रू0 17,11,22,727.99 है। कार्य की न्यायोचित लागत की गणना की गयी है। जिसके अनुसार कार्य की न्यायोचित लागत बी0ओ0क्यू0 से 18.53 प्रतिशत उच्च दर पर धनांक रू0 20,28,31,799.87(लेबर सेस सहित) आती है। इस तरह न्यूनतम निविदा न्यायोचित लागत से 1.07 प्रतिशत उच्च होने के कारण न्यूनतम निविदादाता से पूर्व पृष्ठ–20 पर प्राप्त स्वीकृति के क्रम में न्यूनतम निविदादाता से अपनी दरें कम करने हेतु नेगोसियेशन किया गया। ठेकेदार द्वारा अपनी दरें कम करते हुए बी0ओ0क्यू0 से 18.47 प्रतिशत उच्च दर पर कार्य करने हेतु सहमति दी है। इस प्रकार नेगोसियेशन पश्चात न्यूनतम निविदा न्यायोचित लागत से 0.06 प्रतिशत निम्न होने के कारण स्वीकृति योग्य है।

अतः उपरोक्त कार्य हेतु निविदा समिति द्वारा नेगोसियेशन पश्चात न्यूनतम निविदादाता **मै0 सुनील कुमार जैन** की निविदा बी0ओ0क्यू0 18.47 प्रतिशत उच्च दर पर धनांक रू0 20,27,29,095.85 (रूपये बीस करोड सत्ताईस लाख उनतीस हजार पिचानवे एवं पिचासी पैसे मात्र) की स्वीकृति हेतु संस्तुति की जाती है।

मुख्य अभियन्ता    वित्त नियन्त्रक 06/9/11    सचिव 06/9/2011

स्वीकृत।
06.9.2011

उपाध्यक्ष

सैनिक विहार आवासीय योजना में पॉच मंजिले 160 एम0आई0जी0 ब्लाक–बीसीडी व ई के भवनो के निर्माण कार्य हेतु व्ययानुमान धनांक रू0 20,73,67,000.00 की स्वीकृति पूर्व पृष्ठ–07 पर प्राप्त करते हुए दिनांक 02.07.13 को टू–बिड पद्धति पर निविदायें आमन्त्रित की गयी। कुल दो निविदायें प्राप्त हुई। पूर्व पृष्ठ–12 पर प्राप्त स्वीकृति के अनुसार दोनो फर्मो द्वारा तकनीकी बिड में क्वालिफाई किया जा रहा है। जिनकी वित्तीय बिडे दिनांक 16.07.13 को निविदा समिति के समक्ष खोली गयी जिसमें न्यूनतम निविदा **मै0 आर0सी0सी0डवलपर्स लि0** की बी0ओ0क्यू0 से 12.23 प्रतिशत उच्च दर पर धनांक रू0 21,82,36,794.54 की प्राप्त हुई है। कार्य का बी0ओ0क्यू0 धनांक रू0 19,44,54,953.70 है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा कार्य के समान प्रकृति होने के कारण कार्य की न्यायोचित लागत की गणना लोहियानगर योजना में 160 चार मंजिले एल0आई0जी0 भवनो के निर्माण/विकास कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग से प्राप्त दरो के आधार पर प्राप्त दरो एवं कार्य में प्रयुक्त डी0एस0आर0 मदो की दरे केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग से प्राप्त पत्रांक 23(24) /यो/743 दिनांक 18.03.2013 के कम में कोस्ट इन्डक्स के अनुसार की गयी है । कार्य की न्यायोचित लागत बी0ओ. क्यू0 से 15.25 प्रतिशत उच्च पर धनांक रू0 22,41,03,030.76 आती है । इस तरह न्यूनतम निविदा न्यायोचित लागत से 3.02 प्रतिशत निम्न होने के कारण स्वीकृति योग्य है।

अतः उपरोक्त कार्य हेतु निविदा समिति द्वारा न्यूनतम निविदादाता **मै0 आर0सी0सी0डवलपर्स लि0** की निविदा बी0ओ0क्यू0 12.23 प्रतिशत उच्च दर पर धनांक रू0 21,82,36,794.54 (रूपये इक्कीस करोड बयासी लाख छत्तीस हजार सात सौ चौरनवे एवं चौवन पैसे मात्र) की स्वीकृति हेतु संस्तुति की जाती है।

7/8/13
मुख्य अभियन्ता

07/08/2013
वित्त नियन्त्रक

सचिव

7/8/13
(... कुमार सिंह)
उपाध्यक्ष
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

CC
14/08/13